

# घटिया सड़क का निर्माण, लीपा-पोती में जुटे अफसर

## अपर मुख्य सचिव के सामने विधायक चौधरी ने उठाया सड़क का मुद्दा

**रायसेन, 20 सितंबर. 38 करोड़ की लागत वाली दो सड़कें बनने के साथ ही घटिया निर्माण को लेकर चर्चित रही हैं. इनमें एक, 23 करोड़ रुपये लागत वाली 6.5 किमी लंबी गोपालपुर से टोल नाके तक की सड़क. दूसरी सागर तिराहे से दरगाह तक 15 करोड़ रुपए लागत वाली 3.5 किमी की सड़क. दोनों सड़कों के कई हिस्से छलनी हो गए.**



भोपाल संभाग आयुक्त कार्यालय में प्रभारी अपर मुख्य सचिव, भोपाल संभाग द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में साँची विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी शामिल हुए. बैठक में रायसेन की सड़क का मुद्दा भी विधायक ने उठाया, जिस पर अधिकारियों ने फिर इस पूरे मामले में लीपा-पोती कर दी. सड़क गुणवत्ता में खामी ना बताकर इस पूरे मामले में पानी को दोषी ठहरा दिया कि नाली नहीं है.

स्थानीय लोग और दूसरी राजनीतिक पार्टिया लगातार कर रही घटिया निर्माण का विरोध कुछ समय पहले बनी सड़क बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी हैं. स्थानीय लोगों द्वारा जब कहा गया कि इतनी घटिया सामग्री का उपयोग किया गया कि कुछ ही महीनों में सड़क उखड़ गई, लेकिन सिर्फ वह विरोध ही कर सकते हैं. इसका फर्क किसी को नहीं पड़ता दिख रहा है.

### पहले भी हो चुकी है छापामार कार्रवाई, नतीजा शून्य

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री किशन वर्मा रिटायर हो चुके हैं, उनके समय में अधीक्षण यंत्री योंगेद्र सिंह ने जिले में विभाग द्वारा की गई सड़कों के निर्माण के रिकार्डों को खंगाला था. हालांकि, देर रात छापे के बाद विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के पसीने छूट गए थे. उधर अधीक्षण यंत्री योंगेद्र सिंह ने कहा था कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता नहीं बरती गई है. ठेकेदार के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की गई है. वहीं 32 करोड़ रुपये की सड़क का घटिया निर्माण किया गया है, जिसको लेकर शासन ने कार्रवाई की है. अगर और भी कमी मिलती है, तो संबंधित अधिकारियों से वसूली की जाएगी. लापरवाही करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा. उस समय के प प्रभारी मंत्री अरविंद सिह भदौरिया के सामने भी पहुंच गया था उन्होंने भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी. लेकिन प्रभारी मंत्री भी बदले जा चुके हैं, कलेक्टर भी पीडब्लयूडी इंजीनियर भी.

> पीडब्ल्यूडी की 38 करोड़ की लागत वाली सड़क निर्माण में विभाग के अधिकारी और ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य में जमकर गोलमाल हुआ है. ऐसा कोई और नहीं, बल्कि खुद विधायक ने इस बात को मुख्य सचिव, भोपाल संभाग द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में उठाया और उन्होंने कहा आए दिन अखबारों में ख़बर छप रही है और जनप्रतिनिधि की भी छवि पर सवाल उठाए जाते है.

# आज केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रायसेन आएंगे

- जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं सांसद कार्यालय
- उद्घाटन सहित अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे



**रायसेन, 20 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री, रायसेन विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान का 21 सितंबर रविवार को रायसेन आगमन हो रहा है. यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री चौहान अपने दौरा कार्यक्रम के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को 11 बजे आएंगे तथा निर्धारित विविध कार्यक्रमों मे भाग लेंगे.**

रविवार को जिन कार्यक्रमो में केंद्रीय मंत्री चौहान सर्व प्रथम भोपाल मार्ग स्थित खरवई के पास चिड़िया टोल पर पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे, 11.30 बजे रायसेन के वार्ड क्रमांक 13 शिवालय परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम एवं कॉलोनीवासियों के स्वच्छता शपथ में शामिल होंगे, 12 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के अवंतिका कॉलोनी स्थित निवास पर परिजनों से भेंट करेंगे, 12.30 बजे वन परिसर रायसेन में एक देश एक चुनाव विषय पर जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन में भाग लेंगे. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षदगण, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य एवं सरपंच चौहान को एक देश एक चुनाव संबंधी प्रस्ताव भेंट करेंगे. एक बजे भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में सांसद कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ करेंगे. इसके साथ ही 03 बजे पर्यटन स्थल सांची में नमो वाटिका का शुभारंभ कर पौधारोपण करेंगे, 3.30 बजे सिविल अस्पताल सांची रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे.

## शांति समिति की बैठक में हाइवे पर बैठे मवेशियों का उठा मुद्दा

**सलामतपुर.** थाना सलामतपुर में शनिवार को शांति समिति की ग्रामीण बोले कि पगनेश्वर घाट पर बड़ी मूर्तियां पुल में टकरा जाती है जिससे मूर्तियां क्षतिग्रस्त हो जाती हैं पुल के नीचे जाने वाला मार्ग व्यवस्थित एवं जेसीबी से खुदाई करके रोड को थोड़ा और नीचे किया जाए. वहीं आवारा गाय रोड पर बैठने के संबंध में चर्चा की गई और गायों को घरों में बांध कर रखने खुला ना छोड़ने की समझाइश दी गई.

### एक नजर में



## वनकर्मियों ने रेंज ऑफिस परिसर में की साफ-सफाई

**बेगमगंज, 20 सितंबर.** वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार रेंजर अरविंद अहिरवार के नेतृत्व में वनकर्मियों एवं वन रक्षा समिति सदस्यों द्वारा रेंज कार्यालय एवं निस्तार डिपो तथा कंजेला गांव के एक मंदिर परिसर में सफ़ाई अभियान चलाया गया. रेंजर अरविंद अहिरवार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है. उसी तारतम्य में शनिवार को वन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुए वन कार्यालय, वन निस्तार डिपो एवं कंजेला गांव के सिद्धश्वर मंदिर परिसर में साफ सफाई करके कचरे का व्यवस्थित ढंग से डिस्पोजल किया गया.



## नवरात्र को लेकर बाजारों में लौटी रौनक

**सिलवानी, 20 सितंबर.** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है. बाजारों में विशेष रूप से पूजा-पाठ की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. देवी दुर्गा की पूजा के लिए आवश्यक सामग्रियों की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है, जिससे व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है. नवरात्रि के दौरान लोग श्रद्धाभाव से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं, जिसके लिए कलश, नारियल, चुनरी, सिंदूर, फूल, कपूर, और दुर्गा सप्तशती के पाठ की सामग्रियों की खरीददारी जोरों पर है. पूजा सामग्री बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और लोग पूरे उत्साह से तैयारियां कर रहे हैं. नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान का ही नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक उत्साह का भी प्रतीक है. उपवास, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ के साथ-साथ घरों और मंदिरों में भव्य सजावट की जा रही है. इससे पूरे बाजार क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना हुआ है. परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र के दिनों में नई चीजें खरीदना शुभ माना जाता है. विशेष रूप से गृहस्थ लोग इन दिनों नए वस्त्र, बर्तन, और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीददारी कर रहे हैं. व्यापारियों ने बताया कि नवरात्र को शुभ कार्य का प्रारंभ करने के लिए भी उपयुक्त समय माना जाता है. नवरात्र का पर्व केवल पूजा-पाठ का ही नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन और बुराई पर अच्छाई की विजय का भी प्रतीक है. श्रद्धालु इन नौ दिनों को ईश्वर की आराधना, आत्मशुद्धि और जीवन में नई ऊर्जा के संचार के रूप में देखते हैं. यही कारण है कि हर वर्ग के लोग इस पर्व को श्रद्धा और उल्लास से मना रहे हैं.

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, मां और बेटा-बहू घायल

## भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा

**सलामतपुर, 20 सितंबर. थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को भोपाल-विदिशा हाईवे पर एक तेज़ रफ़्तार कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए. हादसे के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से विदिशा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. घटना कुल्हाड़िया मोड़ के पास की बताई जा रही है.**

जानकारी के अनुसार, अनुज अहिरवार (23) निवासी ग्राम धनोरा, जिला विदिशा, वर्तमान में भोपाल में रह रहे थे. वे अपनी मां और पत्नी को विदिशा छोड़ने के लिए एमपी04 वीडी 6876 मोटरसाइकिल से धनोरा जा रहे थे. इसी दौरान भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के ग्राम कुलहड़िया मोड़ पर एक अज्ञात कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और सभी घायलों को विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया. इधर, दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. जिसकी तलाश में सलामतपुर पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे सड़क काफी छोटी है. इस इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है. जिसकी वजह से आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं यहां पर हो रही हैं. अभी कुछ दिन पूर्व ही विदिशा के 3 पत्रकार सड़क हादसे में अपनी जान गवां चुके हैं. अभी एक सप्ताह पहले ही हलाली डेम रोड पर एक कार चालक ने दो वाहनों को टक्कर मार दी थी.

> शनिवार सुबह 9 बजे के लगभग थाना क्षेत्र के कुल्हाड़िया मोड़ पर 1 तेज़ रफ्तार अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी. जिससे मोटरसाइकिल सवार लोगों को चोटें आई हैं. मौके से कार चालक फरार हो गया है. उसकी तलाश में आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज चेक किये जा रहे हैं.
>
> **दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर.




## पूर्व विधायक ने किया व्यासपीठ का पूजन

### श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**सिलवानी, 20 सितंबर. पितृपक्ष के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दो स्थलों पर किया जा रहा है. नगर के बजरंग चौराहा स्थित श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर मंगल भवन तथा स्टेट बैंक के पास अंबेडकर भवन में चल रही इस आध्यात्मिक कथा में नगरवासियों की भारी उपस्थिति देखी गई.**

श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर में पं. भूपेंद्र शास्त्री खेड़ापति द्वारा भावपूर्ण कथा वाचन किया जा रहा है, वहीं अंबेडकर भवन में पं. बलराम दीक्षित द्वारा भक्तिभाव से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराई जा रही है.

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने सहभागिता करते हुए दोनों ही कथा स्थलों पर पहुँचकर व्यासपीठ का पूजन किया एवं कथा व्यासों से आशीर्वाद प्राप्त किया.

> गणमान्य अतिथियों द्वारा पं. भूपेंद्र शास्त्री एवं पं. बलराम दीक्षित का शॉल व श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया. उपस्थित जनसमूह ने भी इस आयोजन को भावविभोर होकर अनुभव किया. कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि कथा का उद्देश्य पितृपक्ष के अवसर पर नगर में धार्मिक चेतना का प्रसार करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्रदान करना है.

# फलाहार की मांग चार गुना तक बढ़ेगी, फल हुए महंगे

**रायसेन, 20 सितंबर. नवरात्र का आगमन केवल भक्तों के लिए ही शुभ नहीं है, यह पर्व व्यापारियों के लिए भी शुभ और मंगल लेकर आता है. बड़े व्यापारियों के साथ छोटे व्यापारियों के लिए भी यह पर्व खुशहाली लेकर आता है. सड़कों, चौराहों पर हाथ ठेले लगाकर फल बेचने वाले छोटे दुकानदारों के साथ बड़े किराना व्यापारियों के लिए भी यह पर्व दीपावली और विवाह सीजन से पहले अच्छे व्यापार का संकेत लेकर आता है.**



मां की भक्ति के लिए श्रद्धालु नवरात्र में व्रत रखते हैं, कोई एक समय भोजन करता है तो कोई केवल फलाहार लेकर व्रत करता है. ऐसे श्रद्धालु अच्छी गुणवत्ता के फलाहार का उपयोग करते हैं. जिसका स्टॉक किराना दुकानों पर होने लगा है.

नवरात्र में फलाहारी सामान साबूदाना, मूंगफली दाना, सिंधारा, राजगीरा के साथ ड्राय फ्रूट की मांग चार से पांच गुना तक बढ़ जाती है. किराना व्यापारियों का कहना है कि जितना फलाहारी सामान छह माह में बिकता है, उतना नवरात्र के नौ दिन में बिक जाता है, जबकि इस बार तो नवरात्र दस दिन के हैं. सबसे अधिक मांग साबूदाना और मूंगफली दाना की होती है. राजगीरा और सिंघारा आटा की मांग भी खूब होती है.

> **बढ़ने लगे फलों के दाम**
>
> नवरात्र के नजदीक आते ही फलों के दाम बढ़ने लगे हैं. नवरात्र में सबसे प्रमुख फल केला और सेब माने जाते हैं. कुछ दिन पहले तक केला के दाम 10 रुपए दर्जन चल रहे थे, जो अब 50 से 60 रुपए तक पहुंच गए हैं. इसी तरह सेब के दाम भी 30 से 120 रुपए किलो पर पहुंच गए हैं. नवरात्र में इन फलों के दाम और बढ़ने की आशंका है. फल व्यापारी बताया कि भारी बारिश के चलते फलों की आवक प्रभावित हुई है, इस पर नवरात्र आ रहे हैं, ऐसे में फलों के दाम बढ़ सकते हैं. केला और सेब के अलावा अन्य मौसमी फलों की मांग भी रहती है.

# दीवानगंज स्कूल के बच्चों का भोपाल में भ्रमण

- ब्यूटी वैलनेस करियर पर मिली जानकारी

**सलामतपुर, 20 सितंबर. पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज के ब्यूटी वैलनेस विषय के विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान छात्रों को ब्यूटी वैलनेस क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी दी गई.**




विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इस विषय के अध्ययन से वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि सौंदर्य एवं वैलनेस इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य भी बना सकते हैं.

छात्र-छात्राओं ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों और प्रशिक्षण की सुविधाओं को देखा और अनुभव किया. विद्यार्थियों ने बताया कि इस भ्रमण से उन्हें नए अवसरों के बारे में जानकारी मिली और वे अब अपने भविष्य को लेकर अधिक जागरूक हुए हैं. भ्रमण के दौरान विद्यालय की प्राचार्य प्रीति कहर, गोपाल अहिरवार, ममता पासी, निधि जैन सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे. शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



## कथा का समापन, माँ के नाम रोपे पौधे

**बेगमगंज.** बेरखेड़ी राजाराम में धर्म के साथ प्रकृति से जुड़ाव देखा गया. भाजपा नेता नत्थूसिंह के द्वारा कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा का आज समापन प्रकृति से भी जुड़ाव देखने को मिला. यजमान एवं कथावाचक के साथ सेवानिवृत्त एसडीओ बद्री सिंह, मिस्टर सिंह, बहादुर सिंह, राघवेंद्र सिंह, भरत सिंह एवं लखन सिंह के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करके उन्हें पेड़ बनने तक पोषित करने का संकल्प लिया.

**शारदेय नवरात्र** ▶ सजने लगे मातारानी के पंडाल, दुर्गा प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार



# इस बार हाथी पर सवार होकर आ रहीं मां जगदंबा

**रायसेन, 20 सितंबर. पिछले वर्ष की अपेक्षाकृत इस बार शारदेय नवरात्र पूरे 10 दिनों के लिए रहेंगे, सबसे बड़ी बात तो यह है कि मां जगत जननी जगदंबा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं यह सभी के लिए शुभ संकेत है और सभी के लिए सुख समृद्धि प्रदान करने वाला नवरात्र शुरू होने जा रहा है.**

नवरात्र पर्व को लेकर सभी सनातन धर्म प्रेमियों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है, समय पूर्व से ही लोग माता रानी के दरबार सजाने के लिए पंडाल लगाना शुरू कर दिए हैं. दुर्गा उत्सव समितियो के पदाधिकारी नवरात्र पर्व को मनाने के लिए पूरी तरह से तैयारियो मैं जुटे हुए हैं,बच्चे, पुरुष, महिलाएं सभी में नवरात्रि के प्रति भारी उत्साह का वातावरण समाज में देखने को मिल रहा है. नगर रायसेन सहित जिले भर में सैकड़ो स्थान पर मां जगत जननी जगदंबा की प्रतिमाएं शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ स्थापित की जाएगी जिसके लिए तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही हैं, मूर्तिकारों ने भी प्रतिमाओं को सजाने संवारने का काम तेज गति के साथ प्रारंभ कर दिया है मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में रात दिन एक कर जुटे हुए हैं. इस बार भी मां जगदंबा अनेक स्वरूप में दिखाई देंगी. स्थानीय मूर्ति कारों के अलावा आसपास के भोपाल विदिशा आदि स्थानों से भी धर्म प्रेमी दुर्गा जी की प्रतिमा लाकर स्थापित करते हैं.

रायसेन नगर में ही लगभग 100 स्थान पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है,इसके अलावा आसपास के गांव गांव में भी दुर्गा उत्सव समितियां गठन कर उत्सव को मनाने के लिए लोग आत्मीयता के साथ काम में जुटे हुए हैं. पर्व को लेकर चारों तरफ हर्ष का माहौल और शक्ति की भक्ति की तैयारी भक्तों द्वारा दिया व्यापक स्तर पर की जा रही है.

### देवी मंदिरों में तैयारी शुरू

नवरात्र पर्व को लेकर सभी देवी मंदिरों पर सज्जा का कार्य किया जा रहा है, साफ सफाई से लेकर विद्युत सजावट की जा रही है. जिले के सुप्रसिद्ध देवी मंदिर खंडेरा वाली माता, परवरिया वाली हरसिद्धि माता, बाड़ी हिंगलाज मंदिर, गुदावल कंकाली माता मंदिर, शिवओम दुर्गा शक्ति पीठ रायसेन सहित सभी दैवीय मंदिरों पर जोरदार तैयारियां हो रही हैं.नवरात्र के पूरे नौ दिन तक मंदिरों में शक्ति की भक्ति की कठिन उपासना का क्रम चलेगा.

# जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

- पूर्व मंत्री और नगर परिषद अध्यक्ष ने जनता को किया प्रेरित




**सिलवानी, 20 सितंबर. नगर में स्वच्छता अभियान को गति देने एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत एवं नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया.**

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया. श्रमदान कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया. पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है. जब हम स्वच्छता को आदत बनाएंगे, तभी हमारा नगर स्वच्छ और सुंदर बनेगा.नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए हमें स्वेच्छा से श्रमदान कर समाज को स्वच्छता का संदेश देना चाहिए. स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है. कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से अपने आसपास की सफाई करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, विजय शुक्ला, सीएमओ ऋषिकांत यादव व नागरिक उपस्थित रहे.